# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर

# (राज.)

SWEEP

# निर्वाचन साक्षरता क्लब

# [Electoral Literacy Club]

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

No Voter to be Left Behind

## सत्र 2020-21

# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर (राज.)

## -: निर्वाचन साक्षरता क्लब : सत्र 2020-21 रिपोर्ट :-

निर्वाचन विभाग राजस्थान सरकार के आदेशों के अनुक्रम में सत्र के आरम्भ में महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन किया गया। जिसमें डॉ. मंजु फड़िया को ई.एल.सी. नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए डॉ. कुलदीप फड़िया, डॉ. शशी देपाल, डॉ. श्वेता व्यास, डॉ. वैशाली देवपुरा एवं डॉ. भवशेखर को ई.एल.सी. सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया।

उक्त समस्त गतिविधियां ऐसे समय में हुई जबकि कोविड-19 का प्रभाव अत्यधिक था जिसमें ऑफलाइन अथवा सीधे संवाद के द्वारा गतिविधियां आयोजित नहीं की जा सकीं। ऐसे में ऑनलाइन आधार पर गतिविधियां और कार्यक्रम आयोजित किये गए जिनमें छात्राओं के द्वारा तत्परता के साथ गतिविधियों में भाग लिया गया। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर के द्वारा मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी, उदयपुर के निर्देशानुसार सत्र पर्यन्त विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। महाविद्यालय ई.एल.सी. द्वारा सत्र 2020-21 में निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गई है :

महाविद्यालय के सभी कक्षाओं के शैक्षणिक व्हाट्सएप ग्रुप एवं सभी आनंदम व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) उदयपुर के निर्देशानुसार अगस्त 2020 में सभी छात्राओं को यह सूचित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची 2020 अंतर्गत नवीन मतदाताओं का पंजीकरण किया जा रहा है। वर्तमान में चूंकि कविड-19 महामारी के कारण छात्राओं का महाविद्यालय में उपस्थित होना संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में इस हेतु दिनांक 1 जनवरी 2020 को 18 वर्ष की आयु जिन छात्राओं ने पूर्ण कर ली है, वे सभी www.nvsp.in पोर्टल के माध्यम से वे अपना ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी शैक्षणिक व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से नए मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया। 'संविधान दिवस' के अवसर पर दिनांक 26 नवम्बर 2020 को मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर में एक वेबीनर आयोजित किया गया। डॉ. कुलदीप फड़िया - सह-आचार्य, राजनीति विज्ञान, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर के

द्वारा राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर में 26 नवम्बर, 2020 को संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित वेबिनार में मुख्य वक्ता रूप में भाग लिया और व्याख्यान दिया।

इस अवसर पर मतदाता जागरूकता श्रंखला' (Voters Awareness Series) के अन्तर्गत छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ई.एल.सी. सदस्यों एवं छात्राओं के मध्य परस्पर संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में ई.एल.सी. सदस्यों एवं छात्राओं में परस्पर विचार-विमर्श द्वारा मतदान के महत्व एवं मतदान के प्रति हमारे कर्तव्य को केन्द्र में रखकर परिचर्चा की गई। ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डॉ. मंजु फड़िया ने मतदान की महत्ता बताते हुए छात्राओं को संबोधित किया। मतदान पर इस परिचर्चा में उपस्थित सभी संकायों की छात्राओं ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति की।

महाविद्यालय के सभी कक्षाओं के शैक्षणिक व्हाट्सएप ग्रुप एवं सभी आनंदम व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से दिनांक 4 दिसम्बर 2020 को महाविद्यालय के सभी संकायों की छात्राओं को 6 दिसम्बर 2020 को कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लगाए गए पुनरीक्षण कार्यक्रम (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2021) लिए प्रेरित किया एवं नवीन मतदाता पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यालय, जिला निर्वाचन अधिकारी, उदयपुर के द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2021 के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु दिनांक 10.12.2020 को ईएलसी मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर के माध्यम से ऑनलाइन पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय था "सामर्थ्य लोकतंत्र का" (Power of Democracy)। स्लोगन प्रतियोगिता के विषय थे - “जागरुक मतदाता - सशक्त लोकतंत्र” (Aware citizen - Stronger Democracy) और “सशक्त मतदाता - सशक्त लोकतंत्र” (Empowered voter - Stronger Democracy)| इन दोनों प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में 12 छात्राओं एवं स्लोगन प्रतियोगिता में 11 छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रविष्टियों को जिला स्वीप कार्यालय को संप्रेषित किया गया।

## मतदाता जागरूकता पर जिला स्तरीय वेबीनार का आयोजन :

जिला निर्वाचन कार्यालय (स्वीप प्रकोष्ठ) उदयपुर एवं मतदाता साक्षरता क्लब - राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तर पर एक वेबिनार का आयोजन दिनांक 05 दिसंबर, 2020 को किया गया। वेबिनार का विषय रखा गया - "निर्वाचन साक्षरता क्लब एवं मतदाता जागरूकता : संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2021"।

दिनांक 05.12.2020 को दोपहर बाद 02.00 बजे आयोजित किये गये वेबीनार का उद्घाटन डॉ. मंजु चौधरी (IAS - मुख्य निष्पादन अधिकारी, जिला परिषद्, उदयपुर), डॉ. निधि श्रीवास्तव (प्राचार्य, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर) एवं अति. जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमान् ओ. पी. बुनकर के द्वारा किया गया। डॉ. मंजु चौधरी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं।

वेबीनार में डॉ. निधि श्रीवास्तव (प्राचार्य, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय), श्री ओ. पी. बुनकर (अति. जिला निर्वाचन अधिकारी, उदयपुर), प्रो. कृष्णकांत दवे, अध्यक्ष (पेसेफिक अकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, उदयपुर) सम्माननीय अतिथि के रूप में शामिल हुए और अपने उद्बोधन के द्वारा सभी ईएलसी सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अपनी-अपनी भूमिकाओं के लिए उत्साहित किया।


वेबीनार को मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ. कुलदीप फड़िया (एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर) एवं डॉ. पुनीत शर्मा (संयुक्त निदेशक सांख्यिकी एवं मुख्य आयोजना अधिकारी - स्वीप प्रकोष्ठ, जिला परिषद्, उदयपुर) के द्वारा संबोधित किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि डॉ मंजु चौधरी ने कहा कि भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि मतदाता अपने मत का मूल्य समझे। उन्होंने नवीन मतदाताओं के पंजीकरण हेतु आयोजित किए जाने वाले कैंप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों ही स्तर पर मतदाताओं की जागरूकता में वृद्धि के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य लोकतंत्र का सुदृढ़ीकरण है।

राज्य के सबसे बड़े कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि श्रीवास्तव ने कहा कि युवा पीढ़ी को लोकतंत्र के मूल्यों की जानकारी होनी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतंत्र के लिए मतदान महती आवश्यकता है। जिसकी जानकारी और इस संबंध में जागरूकता प्रत्येक नागरिक को होनी चाहिए। कोई भी राष्ट्र तभी सही अर्थों में लोकतांत्रिक होगा जब वहां का मतदाता जागरूक हो, मतदान करे और बेहतर प्रतिनिधियों का चुनाव करें।

वेबीनार के सम्मानित अतिथि श्रीमान् ओ. पी. बुनकर (अति. जिला निर्वाचन अधिकारी, उदयपुर) ने कहा कि निर्वाचन साक्षरता क्लब का लक्ष्य वर्तमान एवं भावी मतदाताओं को जागरूक करना है। नवीन मतदाताओं को मतदाता पंजीकरण की सम्पूर्ण जानकारी से अवगत कराना भी साक्षरता क्लब का लक्ष्य है। जहां निर्वाचन साक्षरता क्लब संगठनात्मक रूप से कम है, वहां इनकी संख्या को भी बढ़ाया जाना

चाहिए। श्री बुनकर द्वारा मतदाता सूची में नवीन पंजीकरण, मतदाता सूची में सुधार करने और 1 जनवरी 2021 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवीन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्वाचन साक्षरता क्लब विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता में किस प्रकार से आगे रहकर सशक्त भूमिका का निर्वाह कर सकते हैं।








वेबीनार के मुख्य वक्ता डॉ. कुलदीप फड़िया, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर ने कहा कि प्रत्येक मतदाता अपनी योगदान से ही लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकता है। भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट एक सुंदर लोकतंत्र के घर की नींव रखता है। इन कार्यक्रमों का लाभ मतदाताओं की अधिकतम सकारात्मक भागीदारी को सुनिश्चित करना है। नीचे के स्तर से ही इन प्रयासों को दिशा दी जानी चाहिए। इसके साथ ही डॉ. फड़िया ने अपने महाविद्यालय में ईएलसी के अंतर्गत की जाने वाली समस्त गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोविड-19 की महामारी के कठिन दौर में महाविद्यालय ईएलसी के द्वारा किस प्रकार सक्रिय रहकर महाविद्यालय में विभिन्न छात्राओं को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से आपस में ऑनलाइन जोड़ा गया है और उन्हें मतदाता जागरूकता के संबंध में नवीन जानकारी देकर उनकी सक्रियता निरंतर सुनिश्चित की जा रही है।

इस अवसर पर प्रोफेसर के. के. दवे (पेसेफिक अकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, उदयपुर) ने अपने स्तर पर अपने विश्वविद्यालय में किए जाने वाले प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी कि किस प्रकार वे वैश्विक महामारी के दौर में ऑनलाइन मोड के द्वारा अधिकाधिक छात्र-छात्राओं को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं।

वेबीनार के आरंभ में इसकी उपादेयता बताते हुए डॉ. पुनीत शर्मा (संयुक्त निदेशक सांख्यिकी एवं मुख्य आयोजना अधिकारी, - स्वीप प्रकोष्ठ, जिला परिषद्, उदयपुर) ने नवीन मतदाताओं के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु विस्तृत जानकारी दी। डॉ. पुनीत शर्मा ने बताया कि वर्तमान में चूंकि कविड-19 महामारी के कारण छात्र-छात्राओं का स्कूलों/महाविद्यालय में उपस्थित होना संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में 1 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु जो भी छात्र/छात्राएं पूर्ण करने वाली हैं, वे सभी www.nvsp.in पोर्टल के माध्यम से अपना ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया अनुसार करवाया जाना सुनिश्चित करवा सकती हैं। इसके साथ ही कोई भी समस्या, प्रश्न अथवा प्रक्रिया जानने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये 'हेल्पलाइन नम्बर 1950' पर कॉल करके जान सकते हैं।






उन्होंने बताया कि उदयपुर जिले के प्रत्येक मतदान बूथ पर दिनांक 6 दिसंबर 2020 को नवीन मतदाताओं के पंजीकरण हेतु एक कैंप का आयोजन सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक किया जा रहा है। 1 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु की मतदाता पात्रता पूर्ण करने वाले सभी विद्यार्थी अपने मतदान बूथ पर जाकर प्रक्रिया अनुसार फॉर्म-6 भर कर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करवा सकते हैं। इसके साथ ही उक्त कैम्प में कोई भी मतदाता अपना मतदान केंद्र अपने पते के आधार पर परिवर्तित करवा सकता है, नए नाम जुड़वा सकता है, नाम मे सुधार (फॉर्म-8) करवा सकता है, अन्यत्र पंजीकरण कर सकता है एवं किसी मतदाता का नाम आवश्यकता अनुसार हटाया (फॉर्म-7) भी जा सकता है।


वेबीनार में सक्रिय भागेदारी करते हुए राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की छात्रा भव्या आमेटा ने कहा कि इस तरह के विभिन्न वेबीनार का आयोजन विद्यार्थियों की जानकारी और मतदान के प्रति रुचि को अभिवृद्ध करते हैं। आमजन को अपने मत का महत्व पता होना चाहिए और इसके लिए जन-जागरूकता अहम भूमिका का निर्वाह करती है।

इस अवसर पर श्री शिव जी गौड़ (मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, उदयपुर) एवं डॉ. महामाया प्रसाद चैबीसा (राज्य स्तर मास्टर ट्रेनर, जिला निर्वाचन कार्यालय, उदयपुर) भी उपस्थित थे। वेबीनार में सम्माननीय अतिथियों एवं वक्ताओं के अतिरिक्त राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. शशि देपाल, डॉ. भवशेखर एवं डॉ.  वैशाली देवपुरा की सक्रिय भागेदारी रही। वेबीनार में बड़ी संख्या में राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर एवं विभिन्न महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों, ईएलसी सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान की सह-आचार्य एवं ईएलसी मेंटर एवं संयोजक डॉ. मंजु फड़िया ने अपने महाविद्यालय की ओर से इस वेबीनार के सह-आयोजन में केंद्रीय भूमिका का निर्वाह किया। सभी का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने यह प्रयास किया कि वेबीनार में अधिक से अधिक संख्या में महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी जुड़ सकें।




जिला निर्वाचन कार्यालय (स्वीप प्रकोष्ठ) एवं मतदाता साक्षरता क्लब - राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तर पर आयोजित वेबिनार की तस्वीरें
(दिनांक 05 दिसंबर, 2020)

दिनांक 25 जनवरी 2021 को 11 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार दिनांक 24.01.2021 को निर्वाचन विभाग द्वारा ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया। सभी शैक्षणिक व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से उक्त क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छात्राओं को क्विज का लिंक भेजा गया और कुछ छात्राओं ने इसमें भाग भी लिया। दिनांक 25 जनवरी 2021 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, मंत्रालय कर्मचारियों एवं छात्राओं को मास्क और दो गज की सोशल डिसटेंसिंग के साथ मतदान की शपथ दिलाई गई।





दिनांक 25 जनवरी 2021 को महाविद्यालय में आयोजित मतदान की शपथ कार्यक्रम

डॉ. मंजु फड़िया
(ई.एल.सी. नोडल अधिकारी)

प्राचार्य
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर